चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

LAJPAT RAI (P.G.) COLLEGE
R. No. 174
Date 15.11.25
Signature
SAHIBABAD GHAZIABAD

पत्रांक : गोप0/3092 दिनांक : 13-10-2026

विज्ञप्ति

विषय : छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराने के संबंध में।

एतद् द्वारा <u>(बी0एड0/एम0एड0/बी0ए0बी0एड0/बी0एल0एड0/बी0पी0एड0/एम0पी0एड0/मेडिकल/पैरामेडिकल/ ए0आई0सी0टी0ई0 अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर)</u> परम्परागत पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र/छात्राओं की वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (एन0ई0पी0 सहित) लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है, किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है अथवा महाविद्यालय द्वारा ससमय सम्पन्न नहीं करायी गयी है। विश्वविद्यालय पत्रांक गोप0/2978, दिनांक 11.09.2026 व पत्रांक गोप0/3068, दिनांक 06.10.2026 के अनुपालन में, ऐसे छात्र/छात्राओं ने अपनी छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन कर दिए थे, उनकी छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जानी सुनिश्चित की गयी है:-

क्र0 सं0	परीक्षा केन्द्र का नाम	कॉलेज कोड	वार्षिक, सेमेस्टर एवं एन0ई0पी0 प्रणाली के अर्न्तगत पाठ्यक्रमों के विषयों के नाम
1.	M.M.H. COLLEGE, GHAZIABAD (mmhcollegeghaziabad.com)	019	बी0एससी0–शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं क्रीड़ा, बी0ए0–मुख्य विषय शारीरिक शिक्षा (785, 885, 985), बी0ए0/एम0ए0–दर्शनशास्त्र। बी0ए0–लाइब्रिरेरी साइंस, लाइब्रिरेरी एण्ड इन्फोरमेशन सांइस।
2.	D.N.(P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.dncollege.org)	052	एम0ए0, एम0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0 –भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, बी0ए0 कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा। बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0–कोड–001, 002, 003। बी0कॉम0, एम0कॉम0।
3.	MEERUT COLLEGE, MEERUT (www.meerutcollege.org)	055	उर्दू, रक्षाअध्ययन,।
4.	N.A.S.COLLEGE, MEERUT (www.nascollege.org)	056	बी0ए0/एम0ए0–शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिन्दी, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, इतिहास, लॉ–बी0ए0एल0एलबी0, बी0कॉम0एल0एलबी0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0,
5.	R.G. (P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.rgcollege.org)	058	बी0ए0/बी0एससी0/एम0ए0– गृहविज्ञान, चित्रकला, मनोविज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी बी0एससी0/एम0एससी0–फूड सांइस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल।
6.	GOVT.PG.COLLEGE , NOIDA (www.gpgcnoida.in)	087	बी0एससी0–माइक्रोबायोलॉजी।
7.	SHAHID MANGAL PANDEY GOVERNMENT MAHILA MAHAVIDYALAYA, MEERUT (https://wwwsmpggpgc.com)	091	एम0ए0–मुख्य विषय शारीरिक शिक्षा।
8.	J.V. COLLEGE BARAUT (BAGHPAT) (www.jvc.ac.in)	004	बी0एससी0ए0जी0, एम0एससी0ए0जी0।
9.	I.N. (P.G.) COLLEGE, MEERUT (inmpgcollege.org.in)	053	बी0ए0,एम0ए0–संगीत।

क्रमशः पृष्ठ संख्या–02

2. उक्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा की तिथि निर्धारित किये जाने के उपरान्त छात्र/छात्राओं को प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा तथा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के समय छात्र/छात्राओं को परीक्षक के समक्ष प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होने वाले छात्राओं के अंक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किये जायेगें। अंक अपलोड करते समय पूर्ण सावधानी बरती जाय जिससे किसी भी प्रकार की विसंगति उत्पन्न न हो। ऑफ लाईन अंक किसी भी दशा में मान्य नहीं होगें।

4. परीक्षा केन्द्रों द्वारा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की तिथि निर्धारित किये जाने के उपरान्त उसकी एक प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

5. अतः ऐसे **छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क करें अथवा परीक्षा केन्द्र की वैबसाईट पर निर्धारित तिथि से अवगत होकर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होना सुनिश्चित करें।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. उक्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित विषयों की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर सूचना अपने कालेज की वैबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें, जिसकी प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुऐ तिथि की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें साथ ही सम्बन्धित छात्रों के अंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर गोपनीय विभाग में मूल रूप में ऑनलाईन पोर्टल प्रति (कुलसचिव प्रति, टेबुलेटर प्रति) खिड़की संख्या 40 पर प्रस्तुत कराया जाना सुनिश्चित करें ऑफ लाईन अंक किसी भी दशा में मान्य नहीं होगें।
4. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. मैसर्स सार इन्फो० प्रा०लि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा० कुलसचिव (गोपनीय)

- the college